# पाठ 8. सोने जैसे दिन हैं इसके

## कविता का उद्देश्य

प्रस्तुत कविता में भारत के प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ अनेकता में एकता को दर्शाया गया है। इस कविता का उद्देश्य बच्चों को भारत के सौंदर्य से अवगत कराना, देश-प्रेम की भावना जाग्रत करना तथा मेहनत करने की सीख प्रदान करना है। सभी भारतवासियों को प्रेम और सौहार्द की भावना से आपस में मिल-जुलकर रहना चाहिए।

## कविता का सारांश

इस कविता में भारत के सौंदर्य का सुंदर मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। इसमें कवि कह रहे हैं कि मैं अपने छोटे मुँह से इस विशाल देश के बारे में कैसे कह दूँ। भारत का सौंदर्य इतना अद्भुत है कि इसके दिन सोने जैसे तथा रात चाँदी जैसी है। इसके उत्तर में विशाल हिमालय पर्वतमाला मुकुट के समान है तथा हिमालय से निकलने वाली सिंधु नदी इसके चरण धोती है। यह देश विविधताओं में एकता का प्रतीक है। जिस प्रकार एक बगीचे में अनेक प्रकार के फूल खिले रहते हैं उसी प्रकार इस देश में भिन्न-भिन्न धर्म-जाति के लोग एक साथ मिल-जुलकर रहते हैं। यहाँ पर रंग-बिरंगे पक्षी आकर खुशियों के गीत गाते हैं, वे किसी का हृदय नहीं दुखाते और मेहनत कर अपना जीवनयापन करते हैं। यहाँ नभ से अमृत की वर्षा होती है जो देश को हरा-भरा तथा धन-धान्य से परिपूर्ण करती है।

## अध्यापन संकेत

कविता का वाचन करने से पूर्व **पहले पहल** में पूछे गए प्रश्नों पर बच्चों से चर्चा करें। भारत के प्राकृतिक सौंदर्य से तथा यहाँ की विशेषताओं और विविधताओं से उन्हें परिचित करवाएँ। पहले कविता का स्वयं वाचन करें फिर बच्चों से एक-एक अंश का लय में वाचन करवाएँ। कविता वाचन करते समय बच्चों से पूछें एवं समझाएँ–

- ❖ उन्हें अपने देश भारत की कौन-कौन सी चीज़ें पसंद हैं?
- ❖ वे हिमालय के बारे में क्या जानते हैं?
- ❖ भारत की प्रमुख नदियाँ कौन-कौन सी हैं?
- ❖ भारतीय संस्कृति की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं?
- ❖ यहाँ पर अनेकता में एकता किस प्रकार है?
- ❖ बच्चों को बताएँ कि यह देश तीन तरफ से समुद्र से घिरा है जो इस देश के भौगोलिक, आर्थिक एवं प्राकृतिक विकास को निर्धारित करता है।
- ❖ बच्चों को यह भी बताएँ कि यहाँ पर विभिन्न जाति, धर्म और समुदाय के लोग मिल-जुलकर रहते हैं।
- ❖ बच्चों को प्रेम और सद्भावना का महत्त्व बताते हुए उन्हें 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को अपनाने के लिए प्रेरित करें।

डिजिटल (Digital) के माध्यम से पाठ की ई-बुक विद्यार्थियों को दिखाकर पाठ के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।